प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.04.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे पर कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पहलगाम घटना पर जनभावनाओं के खिलाफ टिप्पणी करने पर मांगा चंद्र कुमार और जगत सिंह नेगी का इस्तीफा।
- पहला विश्व ऑडियो–विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 कल से मुंबई में– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिमाचल प्रवास 5 से 9 मई तक– तैयारियां जोरों पर।

समाचार विस्तार से..........

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पहलगाम आतंकी घटना को लेकर केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र जो भी निर्णय लेगा, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निराधार बयानबाजी करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश पहलगाम आतंकी हमले का शोक मना रहा था, तो जयराम ठाकुर नाटी डाल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य में पर्यटकों की आमद को बढ़ाने के लिए कदम उठा रही है। इसी के चलते कई वर्षों बाद हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम मुनाफे में आया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस करने का काम किया।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने देश की सेना, सुरक्षा एजेंसियों और आम लोगों की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और कृषि मंत्री चंद्र कुमार के इस्तीफे की मांग की है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि इन दोनों मंत्रियों ने देश की भावनाओं के खिलाफ टिप्पणी की है और उन्हें मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इन मंत्रियों के बयानों पर संज्ञान लेने और इन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की

है।    नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर बिना सिर के तस्वीर वायरल होने की घटना की निंदा की और कहा कि इसमें राहुल गांधी की भी सहमति थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस हरकत से देशभर में उसका विरोध हुआ जिस कारण पार्टी को मजबूरन ये तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल से हटानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की हरकतों से बाज़ आए। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मेले, उत्सव व त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं। स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के देलगी में श्री मंगला माता मेले में जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेलों से जहां मेलजोल बढ़ता है, वहीं युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से भी रूबरू होती है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान शिक्षा क्षेत्र में लिए गए गलत निर्णयों और नीतियों के कारण प्रदेश में शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। उन्होंने आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में बोलते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना सोचे–समझे और बिना अध्यापकों के 5 सौ से अधिक स्कूल खोल दिए थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार द्वारा दूरदराज क्षेत्रों तक गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**बाली**

प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास निगम का मुख्यालय शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। निगम के अध्यक्ष आर.एस.बाली ने आज शिमला में कहा कि सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है और जल्द ही स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम के निदेशक मंडल ने अपने 56 होटलों के जीर्णोद्धार को भी मंजूरी दे दी है। बाली ने कहा कि निगम के उन होटलों को लीज़ पर देने पर विचार होगा, जिन पर ताले लटके हैं।

**वेव्स 2025**

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल पहली मई से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम  श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी

सामग्री को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस सम्मेलन का मुख्य विषय है– रचनाकारों और देशों को साथ में जोड़ना।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 5 से 9 मई तक प्रस्तावित हिमाचल प्रवास की तैयारियां इन दिनों ज़ोरों पर है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों को लेकर आज शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी विभागों को समन्वय से कार्य करने को कहा, ताकि व्यवस्था में कोई कमी न रहे। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को राष्ट्रपति के प्रस्तावित रूट के सभी मार्गों को दुरूस्त करने, बिजली की तारों को व्यवस्थित करने और व्यापक साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शिमला के ढली, संजौली और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने के भी निर्देश दिए।

स्वीकृत

केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2025–26 के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास व कृषोन्नति योजना के तहत 2 सौ 21 करोड़ 68 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। कृषि विभाग की निदेशक कुमुद सिंह ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि की 94 करोड़ 51 लाख रूपये की पहली किश्त प्रदेश को प्राप्त हो गई है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर ज़िला की मीरू पंचायत के चोलिंग से 2 रोगी वाहनों को ज़िला के सीमावर्ती गांव छितकुल और कुन्नू–चारंग के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रोगी वाहन सेना की एक सौ 36वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत सामुदायिक कल्याण के लिए उपलब्ध करवाए हैं। नेगी ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने बाद में तांगलिंग खड्ड पर 3 करोड़ 61 लाख रूपये की लागत से निर्मित बैली ब्रिज का उद्घाटन भी किया।

चेतावनी

बी.बी.एम.बी. के पंडोह स्थित बांध में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण यहां से कभी भी नदी में पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता ने कहा कि पंडोह डैम के जलग्रहण क्षेत्र में बर्फ पिघलने के कारण डैम में पानी का प्रवाह बढ़ रहा है। ऐसे में पंडोह डैम के स्पिलवे गेटों को अतिरिक्त पानी को नदी में छोड़ने के लिए किसी भी समय खोला जा सकता है। इस कारण ब्यास नदी में

पानी का बहाव बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे सतर्कता बरतें और नदी के समीप न जाएं।

## जनकराज

भाजपा विधायक डॉक्टर जनकराज ने प्रदेश सरकार पर जनजातीय क्षेत्र पांगी की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार से सधारी गांव के लिए बनी पुलिया की तुरंत मुरम्मत करवाने की मांग की है। डॉक्टर जनकराज ने कहा कि सधारी गांव के लोग हर रोज़ जान जोखिम में डालकर इस पुलिया से आर–पार गुजर रहे हैं। ये पुलिया जर्जर हालत में है और कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## राजपूत महासभा

हिमाचल प्रदेश राजपूत महासभा के अध्यक्ष के.एस.जमवाल ने कहा है कि प्रदेश में जल्द ही सामान्य वर्ग आयोग का गठन होगा। जमवाल ने कहा कि इस संबंध में महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि महासभा की सभी मांगों पर सरकार जल्द कार्रवाई करेगी।

## पठानिया

प्रदेश सरकार में उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि सरकार राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए युद्ध स्तर पर सड़कों का निर्माण व उन्नयन कर रही है। पठानिया आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के टुन्डू में स्पैन पुल के भूमि पूजन के मौके पर बोल रहे थे। इस पुल के बन जाने से 5 गांवों के लोगों को लाभ होगा।

–

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले के मुद्दे पर कांग्रेस केंद्र सरकार के साथ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पहलगाम घटना पर जनभावनाओं के खिलाफ टिप्पणी करने पर मांगा चंद्र कुमार और जगत सिंह नेगी का इस्तीफा।
- पहला विश्व ऑडियो–विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 कल से मुंबई में– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हिमाचल प्रवास 5 से 9 मई तक– तैयारियां जोरों पर।

---